AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

पढ़ाई के साथ छह माह की इंटर्नशिप का मौका

कर्मोदय योजना आसान बनाएगी रोजगार की राह

माई सिटी रिपोर्टर

कंपनियां मांगती हैं छह माह का अनुभव, इसलिए लविवि ने कर्मोदय योजना के नियमों में किया बदलाव

लखनऊ। लविवि के छात्रों को अब पढ़ाई के साथ-साथ एक सेमेस्टर के लिए इंटर्नशिप करने का अवसर मिलेगा। इससे पढ़ाई पूरी करने के बाद छात्रों को रोजगार तलाशने में काफी आसानी होगी। कर्मोदय योजना के तहत छात्रों को यह अवसर दिया जाएगा। जल्द ही इस योजना में चयनित होने वाले छात्रों की पहली सूची जारी की जाएगी। आवेदन मांगे जा चुके हैं और चयन के लिए कमेटी का अनुमोदन भी हो चुका है।

लविवि ने कर्मयोगी छात्रवृत्ति योजना की शुरूआत की है। इसके अंतर्गत छात्रों को पढ़ाई के साथ छात्रवृत्ति दी जा रही है। अब विवि कर्मोदय योजना की शुरुआत करने जा रहा है। इसमें छात्र को पढ़ाई के साथ अंतिम वर्ष में एक सेमेस्टर के लिए इंटर्नशिप करने का अवसर मिलेगा। जब छात्र रोजगार की तलाश करेंगे तो उनके पास डिग्री के साथ कार्यअनुभव भी होगा। पहले इस योजना में सिर्फ 50 दिन की इंटर्नशिप करने का ही प्रावधान था। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि कई कंपनियां रोजगार देते वक्त छह महीने का कार्यअनुभव मांगती हैं। इसको ध्यान में रखते हुए इस योजना की शुरुआत की जा रही है। अब 50 दिन के बजाय छह महीने की इंटर्नशिप कराएंगे। इसके लिए नियम में बदलाव कर दिया गया है। कर्मोदय योजना के अंतर्गत चयनित छात्रों की सूची जल्द ही जारी होगी। चयन के लिए कमेटी का अनुमोदन हो गया है। योजना में 100 से ज्यादा छात्र आवेदन कर चुके हैं। चयन उनका ही होगा जो 60 प्रतिशत अंक की अर्हता रखते हैं। छात्रों के कौशल के अनुसार इंटर्नशिप का मौका मिलेगा।

लविवि के फार्मा संकाय को मिलेगा अपना भवन, प्रस्ताव पास

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लविवि के फार्मा संकाय का अब अपना ठिकाना होगा। बुधवार को हुई भवन व कार्यसमिति की बैठक में फार्मा संकाय के नए भवन का प्रस्ताव पास हो गया। कक्षाएं, लैब आदि युक्त भवन के निर्माण में करीब 25 करोड़ रुपये की लागत आएगी। अब तक यह नवीन परिसर के इंजीनियरिंग विभाग में चल रहा था। नया भवन भी नवीन परिसर में ही बनाया जाएगा। जल्द ही संकाय के भवन का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।

कोरोना काल से फार्मा क्षेत्र की बढ़ी डिमांड के बाद लविवि में गत सत्र से बीफार्मा और डीफार्मा पाठ्यक्रम की शुरुआत हुई थी। संकाय का अपना भवन न होने के चलते अभी यह इंजीनियरिंग विभाग में ही चलाया जा रहा है। कक्षाओं से लेकर लैब आदि संसाधनों का वहीं पर इस्तेमाल किया जा रहा है। अब फार्मा संकाय का अपना नया ठिकाना मिल गया है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में हुई भवन व कार्यसमिति की बैठक में फार्मा संकाय के भवन निर्माण का प्रस्तावित परित कर दिया गया। कक्षाएं, लैब आदि के निर्माण में करीब 25 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। फार्मा संकाय के पास अब स्वयं की क्लास व लैब होगी। इसके अलावा बैठक में मालवीय सभागार के नवीनीकरण का प्रस्ताव भी पारित किया गया। करीब 2.88 करोड़ रुपये की लागत से मालवीय सभागार का नवीनीकरण किया जाएगा। वहीं एपीसेन सभागार को एक थिएटर का रूप देने की योजना है। सभागार में बालकनी के साथ ही नवीनीकरण भी किया जाएगा। इसके बाद लविवि में होने वाले अधिकतर सांस्कृतिक आयोजन इसी सभागार में होंगे। करीब 3.54 करोड़ रुपये की लागत से इसका नवीनीकरण किया जाएगा।

अंग्रेजी विभाग का भी होगा अपना सभागार

बैठक में अंग्रेजी विभाग में एक सभागार के निर्माण का प्रस्ताव भी पारित किया गया है। इसके निर्माण में करीब 71 लाख रुपये की लागत आएगी। वहीं व्यापार प्रशासन विभाग में भी एक नए सभागार के प्रस्ताव को मंजूर किया गया है। यहां पर एक पुराना बोर्ड रूम था। इसकी लागत करीब 59.5 लाख रुपये है। सभी हॉल आधुनिक ऑडियो-वीडियो सुविधाओं से भी सुसज्जित होंगे। दोनों विभाग के छात्र अपनी विभिन्न गतिविधियों के लिए सभागार का प्रयोग कर सकेंगे। वहीं बैठक में विभिन्न विभागों, शिक्षक आवासों, भवनों के मरम्मत, रंगाई और विद्युत कार्य संबंधी अन्य प्रस्तावों को भी पारित किया गया।

NBT PAGE 4

एलयू में फार्मेसी के लिए बनेगा भवन

मालवीय और एपी सेन सभागार का होगा नवीनीकरण, विभागों, शिक्षक आवासों और अन्य भवनों की होगी मरम्मत

■ एनबीटी, लखनऊ : एलयू न्यू कैंपस में फार्मेसी के छात्रों के लिए नया भवन बनेगा। इसकी लागत लगभग 25 करोड़ रुपए तक बताई जा रही है। वहीं मालवीय सभागार का नवीनीकरण लगभग 2.88 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। एपी सेन सभागार में बालकनी के साथ ही नवीनीकरण की योजना है, जिससे यह थियेटर रूप में परिवर्तित हो जाएगा।

एलयू के मंथन हॉल में बुधवार को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में भवन और कार्यसमिति की बैठक में इन योजनाओं पर मुहर लगी। वीसी के मुताबिक, बैठक में अन्य पारित प्रस्तावों में विभिन्न विभागों, शिक्षक आवासों और अन्य भवनों के मरम्मत, रंगाई और विद्युत कार्य कराने पर भी मुहर लगी है। सभी हॉल आधुनिक ऑडियो-वीडियो सुविधाओं से भी सुसज्जित होंगे। उन्होंने बताया कि फार्मेसी के विद्यार्थियों के लिए एलयू के दूसरे परिसर में एक नए भवन के प्रस्ताव पर मुहर लगी है।

कुलपति ने बताया कि पूरी सेन सभागार में बालकनी के साथ ही नवीनीकरण की योजना है, जिसके कारण यह थियेटर रूप में परिवर्तित हो जाएगा। अभी तक एलयू में इस तरह का कोई भी हाल नहीं है। इसके हो जाने से सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सुविधा होगी। इसकी लागत लगभग 3.54 करोड़ रुपये तय की गई है।

व्यापार प्रशासन विभाग में भी बनेगा सभागार : कुलपति ने बताया कि व्यापार प्रशासन विभाग में एक पुराना बोर्डरूम था, इसलिए यहां पर एक नए सभागार का प्रस्ताव पारित किया जा रहा है, जिससे यहां पर व्यापार प्रशासन विभाग के छात्र-छात्राएं विभिन्न गतिविधियों के लिए इस हाल का इस्तेमाल कर सकेंगे। इसकी लागत लगभग 59.5 लाख रुपये निर्धारित की गई है। वहीं, अंग्रेजी विभाग में एक सभागार का प्रस्ताव पारित किया गया है। इसकी लागत लगभग 71 लाख है।



HINDUSTAN PAGE 6

एलयू: फार्मेसी छात्रों के लिए बनेगा नया भवन

बैठक

33 करोड़ की लागत से कई निर्माण को मंजूरी

लखनऊ, कार्यालय संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय के मंथन कक्ष में कुलपति प्रो आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में भवन एवं कार्यसमिति की बैठक हुई। बैठक में फार्मेसी के छात्रों के लिए द्वितीय परिसर (न्यू कैम्पस) में एक नए भवन का प्रस्ताव पारित किया गया। जिसकी लागत लगभग 25 करोड़ है। फार्मेसी की कक्षाओं और लैब के लिए नए भवन की आवश्यकता है। जिसके कारण शीघ्र से शीघ्र इस भवन का निर्माण आवश्यक है।

इसके अतिरिक्त मालवीय सभागार के नवीनीकरण का प्रस्ताव भी पारित किया गया। जिसकी लागत लगभग 2.88 करोड़ है। साथ ही एपी सेन सभागार में बालकनी के साथ ही नवीनीकरण की योजना है जिसके कारण यह थियेटर रूप में परिवर्तित हो जाएगा और विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं को अपने सांस्कृतिक आयोजनों के लिए इस हाल का उपयोग करने में सुविधा मिल सकेगी। अभी तक विश्वविद्यालय में इस प्रकार का कोई भी हाल उपलब्ध नहीं है। सांस्कृतिक गतिविधियों को करने के लिए छात्रों को समस्या होती है। इसकी लागत लगभग रू 3.54 करोड़ है।

अंग्रेजी विभाग में एक सभागार का प्रस्ताव भी पारित किया गया है। इस सभागार को बनाने की लागत लगभग 71 लाख है। व्यापार प्रशासन विभाग में एक पुराना बोर्डरूम था, इसलिए यहां पर एक नए सभागार का प्रस्ताव भी पारित किया जा रहा है। इसकी लागत लगभग रू 59.5 लाख है।

शिक्षकों और शोध छात्रों को दिए गए पुरस्कार

एलयू की शोध इकाई की ओर से मालवीय सभागार में पुरस्कार समारोह आयोजित किया गया। जिसमें शोध छात्रों और शिक्षकों को तीन श्रेणियों के पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। समारोह में उद्दीपन, एकलेम एवं प्रोत्साहन पुरस्कार दिए गए। एकलेम पुरस्कार ऐसे शिक्षकों को दिया गया जिनको अन्य प्रतिष्ठित राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय संस्थान द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। इस श्रेणी में 4 शिक्षकों को पुरस्कृत किया गया।

दूसरी पाली की परीक्षा में छह नकलची मिले

लखनऊ विश्वविद्यालय की स्नातक और परास्नातक पीजी सेमेस्टर की परीक्षाओं में मंगलवार को छह नकलची पकड़े गए। सभी नकलची दूसरी पाली की परीक्षा में पकड़े गए। प्रथम पाली में 4492 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे। जिसमें से 202 ने परीक्षा छोड़ी। वहीं दूसरी पाली में 3230 में से 136 ने परीक्षा छोड़ दी।

छात्र छह महीने कर सकेंगे इंटर्नशिप

लखनऊ यूनिवर्सिटी ने कर्मोदय योजना के नियम में किया बदलाव

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (27 Apr): लखनऊ यूनिवर्सिटी ने इसके लिए कर्मोदय योजना के नियमों में बदलाव कर दिया है. अभी तक सिर्फ 50 दिन की इंटर्नशिप का प्राविधान था. जल्द ही इंटर्नशिप के लिए चयनित छात्र-छात्राओं की सूची जारी की जाएगी.

एपी सेन हाल बनेगा थियेटर, मालवीय हॉल में आधुनिक आडियो-वीडियो सिस्टम

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (27 Apr): लखनऊ यूनिवर्सिटी में अब सांस्कृतिक आयोजन के लिए सुविधाएं उपलब्ध होंगी. इसके लिए एपी सेन हाल को थियेटर का स्वरूप दिया जाएगा. साथ ही मालवीय हॉल को सुसज्जित करते हुए उसे आधुनिक बनाया जाएगा. प्रबंधन विभाग में भी एक सभागार निर्मित किया जाएगा. सभी हाल आधुनिक आडियो-वीडियो सिस्टम से युक्त होंगे. लखनऊ यूनिवर्सिटी में अगले वर्ष तक चार सभागार स्टूडेंट्स और शिक्षकों को उपलब्ध होंगे. इसके लिए बुधवार को मंथन हाल में वीसी प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में आयोजित भवन एवं कार्यसमिति की बैठक में प्रस्ताव पारित किए गए. 2.88 करोड़ की लागत से नवीनीकरण प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि बैठक में पारित प्रस्ताव के मुताबिक मालवीय सभागार के नवीनीकरण कराया जाएगा. इसकी लागत लगभग 2.88 करोड़ होगी. इस धनराशि से मालवीय हॉल की मरम्मत और सजा-सज्जा के अलावा नए फर्नीचर एवं नए स्टेज का निर्माण शामिल है. सांस्कृतिक गतिविधियों को करने के लिए छात्रों को समस्या उत्पन्न होती है. अभी तक यूनिवर्सिटी में इस प्रकार का कोई भी हाल उपलब्ध नहीं है. इसको ध्यान में रखते हुए यूनिवर्सिटी में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए थियेटर बनाया जाएगा. इसके लिए एपी सेन हाल को चुना गया है. इसकी लागत लगभग 3.54 करोड़ है.

i-NEXT PAGE 4

एलयू में अब सजेगी सांस्कृतिक महफिल

CONCEPT PIC

25 करोड़ से बनेगा फार्मेसी भवन

यूनिवर्सिटी ने पिछले वर्ष से फार्मेसी विभाग शुरू किया है, लेकिन उसका अपना भवन नहीं है. लिहाजा फार्मेसी के छात्रों के लिए क्लास और लैब की जरूरत है. इसे ध्यान में रखते हुए बुधवार को बिल्डिंग कमेटी ने नए परिसर में फार्मेसी के नए भवन बनने का प्रस्ताव पारित कर दिया है. यह भवन 25 करोड़ रुपए की लागत से बनाया जाएगा.

अंग्रेजी विभाग में 71 लाख की लागत से सभागार बनेगा. व्यापार प्रशासन विभाग के पुराने बोर्ड रूम को 59.5 लाख की लागत से नए सभागार का निर्माण होगा.

मरम्मत और सजा-सज्जा के अलावा नए फर्नीचर एवं नए स्टेज का निर्माण शामिल है. सांस्कृतिक गतिविधियों को करने के लिए छात्रों को समस्या उत्पन्न होती है. अभी तक यूनिवर्सिटी में इस प्रकार का कोई भी हाल उपलब्ध नहीं है. इसको ध्यान में रखते हुए यूनिवर्सिटी में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए थियेटर बनाया जाएगा. इसके लिए एपी सेन हाल को चुना गया है. इसकी लागत लगभग 3.54 करोड़ है.

लविवि में 123 शिक्षक व शोधार्थी सम्मानित

गुणवत्तापूर्ण शोध को बढ़ावा देने के लिए सम्मानित शिक्षकों व शोधार्थियों के साथ लविवि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय। -संवाद

लखनऊ। लविवि ने गुणवत्तापूर्ण शोध को बढ़ावा देने के लिए अलग-अलग वर्गों में 123 शिक्षकों व शोधार्थियों को सम्मानित किया। मालवीय सभागार में बुधवार शाम को आयोजित कार्यक्रम में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने इन्हें पुरस्कृत किया। पुरस्कार तीन वर्गों में दिया गया। एक्लेम पुरस्कार से चार शिक्षकों को सम्मानित किया गया। यह उन शिक्षकों को मिला जिन्हें अन्य प्रतिष्ठित राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संस्थानों द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। वहीं 11 शिक्षकों को प्रोत्साहन पुरस्कार मिला। इसके अंतर्गत शिक्षकों को 20 हजार रुपये की पुरस्कार राशि शोध परियोजनाओं के लिए दी गई। इनके अलावा 36 शिक्षकों व 72 शोधार्थियों को उद्दीपन पुरस्कार दिया गया। यह उनको दिया गया जिनके शोध पत्र पांच से अधिक इंपैक्ट फैक्टर की शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं। इस अवसर पर डीन एकेडमिक्स प्रो. राकेश चंद्रा, डीन रिसर्च प्रो. राजीव पांडे, डीएसडब्लू प्रो. पूनम टंडन आदि मौजूद रहे। (माई सिटी रिपोर्टर)

इनको मिला एक्लेम अवॉर्ड

हिंदी एंड मॉडर्न इंडियन लैंग्वेज विभाग की प्रो. अलका पांडेय, जर्नलिज्म एंड मास कम्यूनिकेशन के प्रो. मुकुल श्रीवास्तव, जियोलॉजी के प्रो. सर्जित सेनशर्मा और फिजिक्स की प्रो. पूनम टंडन।

इनको प्रोत्साहन अवॉर्ड

बायोकेमेस्ट्री के डॉ. आशुतोष सिंह व डॉ. कुसुम यादव, बॉटनी की डॉ. अलका कुमारी व डॉ. अमित कुमार, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन की डॉ. ऋतु नारंग, जियोलॉजी के डॉ. अजय कुमार आर्य, मैथमेटिक्स एंड एस्ट्रोनॉमी की डॉ. अलका मिश्रा, फिजिक्स के डॉ. सी गौतम, स्टेटिस्टिक्स के डॉ. अशोक कुमार और जूलॉजी की डॉ. सुचिता स्वरूप व डॉ. शैली मलिक।

JAGRAN CITY PAGE III

शिक्षकों और शोधार्थियों को मिला सम्मान

11 शिक्षक प्रोत्साहन, चार एक्लेम और बेस्ट शोधपत्र के लिए 107 शिक्षकों और शोधार्थियों का सम्मान

जागरण संवाददाता, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय ने अच्छे शोध कार्यों और बेस्ट शोधपत्र चार्ट शिक्षकों व शोधार्थियों को बुधवार को विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में सम्मानित किया। सीबीक्ष सत्र 2020-21 के लिए 122 शिक्षकों व शोधार्थियों का सम्मानित किया गया। इनमें प्रोत्साहन अवार्ड के लिए 11, एक्लेम अवार्ड के लिए चार और उद्दीपन अवार्ड के लिए 107 लोगों को सम्मानित किया गया। प्रोत्साहन अवार्ड में धनराशि प्रत्येक शिक्षक को 20-20 हजार रुपये व प्रमाणपत्र दिया गया। एक्लेम अवार्ड में पांच-पांच हजार रुपये, पदक और प्रमाणपत्र दिया गया। वहीं, उद्दीपन में 11,000-7,500 रुपये और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय, अधिष्ठाता शोध प्रो. शर्जील पांडेय, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन, अध्यक्ष अधिष्ठाता अकादमिक प्रो. राकेश चंद्रा समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

छात्र ने उन किट्स को देखा फ्रा : प्रोत्साहन अवार्ड में उन शिक्षकों का चयन किया गया जो शोध में अच्छा कार्य कर रहे हैं। एक्लेम के लिए शोध में विशिष्टता और तुलनी संस्थाओं में शोध सम्मान पत्र वालों को चुना गया। इसी तरह उद्दीपन के लिए बेस्ट रिसर्च पेपर (हीरोज फैक्टर पांच से अधिक) वालों का चयन किया गया।

लविवि में आयोजित समारोह में सम्मानित किए गए रिसर्च स्कालरों के साथ कुलपति प्रो. आलोक राय, प्रो. पूनम टंडन, प्रो. राजीव पांडेय, प्रो. राकेश चंद्रा व मीडिया

सम्मानित होने वाले शिक्षक

प्रोत्साहन अवार्ड
- डॉ. आशुतोष सिंह-बायोकेमेस्ट्री
- डॉ. कुसुम यादव-बायोकेमेस्ट्री
- डॉ. अलका कुमारी-बॉटनी
- डॉ. अमित कुमार-बॉटनी
- डॉ. रितु नारंग-बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन
- डॉ. अजय कुमार आर्य-जियोलॉजी
- डॉ. अलका मिश्रा-मैथमेटिक्स एंड एस्ट्रोनॉमी
- डॉ. गौतम राम गौतम-फिजिक्स
- डॉ. अशोक कुमार-स्टेटिस्टिक्स
- डॉ. सुचिता स्वरूप-जूलॉजी
- डॉ. शैली मलिक-जूलॉजी।

एक्लेम अवार्ड
- डॉ. अलका पांडेय-हिंदी एंड मार्डन इंडियन लैंग्वेज
- डॉ. मुकुल श्रीवास्तव-जर्नलिज्म एंड मास कम्यूनिकेशन
- डॉ. सरजीत सेन शर्मा-जियोलॉजी
- डॉ. पूनम टंडन-डीन स्टूडेंट वेलफेयर

उद्दीपन अवार्ड
- 36 शिक्षक, 71 शोधार्थी

छात्रवृत्ति की मांग

जागरण संवाददाता : लखनऊ विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने फिर छात्रवृत्ति की मांग उठाई है। बुधवार को छात्र-छात्राओं ने एडीटर वर पोस्टकार्ड भी अपने लगाया है। छात्रों का कहना है कि कल्याण विभाग ने एससी-एसटी वर्ग के विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति जारी कर दी, लेकिन सामान्य वर्ग के लिए वह अभी तक नहीं भेजकर उत्त किया है।

नवीन परिसर में 25 करोड़ से बनेगा फार्मेसी का नया भवन

- एपी से भवन एवं कार्यसमिति की बैठक में उठी प्रस्ताव पर मुहर
- 2.88 करोड़ की लागत से मालवीय सभागार का होगा नवीनीकरण

आधुनिक आडियो-वीडियो की सुविधा होगी

अंग्रेजी विभाग में 71 लाख रुपये की लागत से एक सभागार बनाया जाएगा। इसी तरह व्यापार प्रशासन विभाग में एक पुराना बोर्ड रूम की जगह नए सभागार का प्रस्ताव पारित किया गया है। इसकी लागत 59.5 लाख रुपये है। दोनों सभागार हाल आधुनिक आडियो-वीडियो सुविधाओं से भी लैस होंगे। इसके कमरे से छात्र-छात्राएं विभिन्न गतिविधियों के लिए इस हाल का उपयोग कर सकेंगे। बैठक में विभिन्न विभागों, शिक्षक आवासों और अन्य भवनों के मरम्मत, रंगाई और विद्युत कार्य संबंधी अन्य प्रस्तावों को भी पारित किया गया।

एपी सेन हाल बनेगा थियेटर : एपी सेन सभागार में बालकनी के साथ ही पूरे परिसर का नवीनीकरण कराया जाएगा, जिसके बाद यह थियेटर रूप में बदल जाएगा। विश्वविद्यालय के छात्र- छात्राओं को अपने सांस्कृतिक आयोजनों के लिए इस हाल का उपयोग करने में सुविधा होगी। इसकी लागत लगभग 3.54 करोड़ रुपये आएगी।

विद्यार्थी छह महीने कर सकेंगे इंटर्नशिप

जागरण संवाददाता, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले फाइनल और प्री फाइनल वर्ष के विद्यार्थियों को अब 50 दिन के साथ-साथ छह महीने की इंटर्नशिप करने का भी विकल्प मिलेगा। इनमें से विद्यार्थी कोई भी एक विकल्प ले सकेंगा। विश्वविद्यालय ने इसके लिए कर्मोदय योजना के नियमों में बदलाव कर दिया है। अभी तक सिर्फ 50 दिन की इंटर्नशिप का प्राविधान था। जल्द ही सूची जारी की जाएगी।

नई शिक्षा नीति में कौशल विकास पर जोर दिया गया है। इसी को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय ने कर्मोदय योजना के तहत इन हाउस इंटर्नशिप की भी शुरूआत की है। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि बहुत सी ऐसी कंपनियां हैं, जहां नौकरी के लिए छह महीने का कार्य अनुभव मांगा जाता है। अब कर्मोदय योजना में 50 दिन के साथ छह महीने की इंटर्नशिप का भी मौका दिया जाएगा।

इन हाउस इंटर्नशिप के लिए 100 से ज्यादा विद्यार्थियों ने आवेदन किया है। कुलपति ने चयन के लिए कमेटी को अनुमोदन भी दे दिया है।

शिया कालेज में आनलाइन आवेदन प्रक्रिया रुकी

शिया पीजी कालेज में वेबसाइट की गड़बड़ी की वजह से नए सत्र में दाखिले के लिए आनलाइन आवेदन की प्रक्रिया रुक गई है। कालेज प्रशासन का कहना है कि शुक्रवार को आनलाइन आवेदन की व्यवस्था बहाल हो जाएगी। शिया पीजी कालेज ने 10 अप्रैल को नए सत्र के लिए बीए, बीकाम, बीएससी मैथ्स, बीएससी बायो, एलएलबी, एमए सोशियोलाजी, एमए उर्दू, एमलीएससी सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी की थी। आनलाइन आवेदन 11 अप्रैल से शुरू होने थे। लेकिन, उसके बाद आनलाइन आवेदन के लिए वेबसाइट में दिक्कत रुठ्ठी हो गई। मीडिया प्रभारी डा. प्रवीण का कहना है कि वेबसाइट की दुरूह से समस्या हो गई थी। उसे ठीक करा लिया गया है। शुक्रवार से आवेदन शुरू हो जाएंगे।

SWATANTRA BHARAT PAGE 2

लविवि कार्यसमिति ने करोड़ों के निर्माण कार्यों पर लगाई मुहर

स्वतंत्र भारत, संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के मंथन कक्ष में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में भवन एवं कार्यसमिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में फार्मेसी के छात्रों के लिए द्वितीय परिसर में एक नए भवन का प्रस्ताव पारित किया गया है। जिसकी भवन निर्माण में लगभग 25 करोड़ की लागत आएगी। फार्मेसी की कक्षाओं और लैब के लिए एक नए भवन की आवश्यकता हमारे है। इसके अलावा मालवीय सभागार के नवीनीकरण का प्रस्ताव भी पारित किया गया। 2.88 करोड़ रुपए का प्रस्ताव भी पारित किया गया है।

लखनऊ विश्वविद्यालय में एपी सेन सभागार में बालकनी के साथ ही नवीनीकरण की योजना है, जिससे यह थियेटर रूप में परिवर्तित हो जाएगा। अभी तक विश्वविद्यालय में इस प्रकार का कोई भी हाल उपलब्ध नहीं है। लविवि में सांस्कृतिक गतिविधियों को करने के लिए छात्रों को समस्या होती है। इसकी लागत लगभग 3.54 करोड़ रुपए आएगी। अंग्रेजी विभाग में एक सभागार का प्रस्ताव भी पारित किया गया है। इसकी लागत लगभग 71 लाख रुपए होगी। व्यापार प्रशासन विभाग में एक पुराना बोर्डरूम था, इसलिए यहां पर एक नए सभागार का प्रस्ताव पारित किया जा रहा है जिससे यहां पर व्यापार प्रशासन विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा अपने विभिन्न गतिविधियों के लिए इस हाल का उपयोग किया जा सके। इसकी लागत लगभग रू 59.5 लाख है।

ये सभी हाल आधुनिक आडियो-वीडियो सुविधाओं से भी सुसज्जित होंगे।

इसके अतिरिक्त विभिन्न विभागों, शिक्षक आवासों और अन्य भवनों के मरम्मत, रंगाई और विद्युत कार्य संबंधी अन्य प्रस्तावों को भी पारित किया गया।

TOI PAGE 2

LU awards faculty, research scholars after 2-yr gap

TIMES NEWS NETWORK

LU's awards Acclaim, Uddipan and Protsahan, were given to teachers and scholars for their academic excellence, research and project work

Lucknow: After a gap of two years, Lucknow University awarded its students and faculty for excellence in research and academics.

LU couldn't confer its three awards, Acclaim, Uddipan and Protsahan, given to teachers and scholars for their academic excellence, research and project work for the past two years due to Covid-19 pandemic.

The most prestigious, Acclaim award, was given to teachers who have been honoured by other reputed national and international institutes.

Four teachers were awarded in this category: Prof Mukul Srivastava of the department of journalism and mass communication for winning Nirmal Verma Sarjan Puraskar by UP Hindi Sansthan, Prof Poonam Tandon from physics for Fulbright-Nehru Award, Prof Alka Pandey from Hindi and modern Indian languages for winning Shabd Shilpi Samman 2020 and Prof Sarajit Sensarma from geology for getting INSA visiting scientist award.

All four teachers were given prize money of Rs 20,000 for research projects.

Uddipan award was given to 72 research scholars and 36 teachers for publishing excellent research papers.

Protsahan award was given to 11 teachers for their research projects: Ashutosh Singh and Kusum Yadav from biochemistry, Alka Kumari and Amit Kumar from botany, Ritu Narang from business administration, Ahaj Kumar Arya from geology, Alka Mishra from mathematics and astronomy, Chandkiram Gautam from physics, Ashok Kumar from statistics and Suchit Swaroop and Shalie Malik from zoology department.

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

लविवि में पुरस्कृत किए गए शिक्षक व शोधार्थी

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय की शोध इकाई के तत्वावधान में बुधवार को मालवीय सभागार में पुरस्कार समारोह आयोजित किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के शोध छात्रों और शिक्षकों को शोध में योगदान के लिए तीन श्रेणियों उद्दीपन, एकलेम एवं प्रोत्साहन पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने अपने उद्बोधन में आने वाले समय में लखनऊ विश्वविद्यालय में शोध गुणवत्ता को और बढ़ावा देने पर जोर दिया।

एकलेम पुरस्कार ऐसे शिक्षकों को दिया गया, जिनको अन्य प्रतिष्ठित राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय संस्थान द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। इस श्रेणी में चार शिक्षकों को पुरस्कृत किया गया। एकलेम पुरस्कार प्रो. अल्का पाण्डेय, प्रो. मुकुल श्रीवास्तव, प्रो. सारजीत सेन शर्मा एवं प्रो. पूनम टण्डन को मिला। इसी प्रकार प्रोत्साहन पुरस्कार दस शिक्षकों को मिला।

प्रोत्साहन पुरस्कार से डा. आशुतोष सिंह, डा. कुसुम यादव, डा. अल्का कुमारी, डा. अमित कुमार, डा. रितु नारंग, डा. अजय कुमार आर्या, डा. अल्का मिश्रा, डा. चन्द्रकिरन गौतम, डा. अशोक कुमार, डा. सुजीत स्वरूप एवं डा. शैली मलिक को पुरस्कृत किया गया। प्रोत्साहन पुरस्कार से पुरस्कृत शिक्षकों को 20,000 रुपए की धनराशि पुरस्कार स्वरूप शोध परियोजनाओं के लिए प्रदान की गई। इसी प्रकार उद्दीपन पुरस्कार के अंतर्गत 36 शिक्षकों और 72 शोधार्थियों को पुरस्कृत किया गया, इनके शोध पत्र पांच से अधिक इंपैक्ट फैक्टर की शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं। कुलपति ने पुरस्कृत शिक्षकों और शोधार्थियों को शुभकामनाएं दी।

36 शिक्षकों व 72 शोधार्थियों को किया गया पुरस्कृत

लविवि भवन व कार्यसमिति की बैठक में कई निर्णय

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के मंथन कक्ष में बुधवार को विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में भवन एवं कार्यसमिति की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें कई निर्णय लिए गए। इस दौरान फार्मेसी के विद्यार्थियों के लिए लविवि द्वितीय परिसर में लगभग 25 करोड़ रुपए की लागत के नए भवन का प्रस्ताव पारित किया गया। फार्मेसी की कक्षाओं तथा लैब के लिए नए भवन की जरूरत है, जिसके लिए शीघ्र ही इस भवन की आवश्यकता है। बैठक में मालवीय सभागार के नवीनीकरण का प्रस्ताव भी पारित किया गया, जिसमें लगभग 2.88 करोड़ रुपए खर्च होंगे, साथ ही एपी सेन सभागार में बालकनी के साथ ही नवीनीकरण की योजना है, जिससे यह थियेटर के रूप में परिवर्तित हो जाएगा। इस दौरान अंग्रेजी विभाग में एक सभागार का प्रस्ताव भी पारित किया गया।

TRUE TIMES PAGE 1

लखनऊ विश्वविद्यालय की शोध इकाई द्वारा मालवीय सभागार में पुरस्कार समारोह आयोजित

इस समारोह में तीन प्रकार के पुरस्कार दिए गए कार्यक्रम में कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय प्रोफेसर आलोक कुमार राय, आदर्श अधिष्ठाता अकादमिक प्रोफेसर राकेश चंद्रा अधिष्ठाता शोध प्रोफेसर राजीव पांडे और अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर पूनम टंडन उपस्थित रहे। कुलपति ने अपने उद्बोधन में आने वाले समय में लखनऊ विश्वविद्यालय में शोध गुणवत्ता को और बढ़ावा देने पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में विश्व विद्यालय के शिक्षकों एवं शोधार्थियों को शोध योगदान के लिए पुरस्कृत किया गया । यह पुरस्कार क्रमशः उद्दीपन, एकलेम एवं प्रोत्साहन हैं।

एकलेम पुरस्कार ऐसे शिक्षकों को दिया गया जिनको अन्य प्रतिष्ठित राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय संस्थान